**अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांकः 13.11.2025 को जनपद कानपुर देहात में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन परियोजनाओं की आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 13.11.2025 को विकास भवन सभागार में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन हर घर जल कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कानपरु देहात में फेज-2 व फेज-3 चरण में क्रियान्वित की जा रही विभिन्न ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

1. श्री टी0आर0 कटारिया, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात।
2. श्री संजय सिंह, सहायक अभियन्ता,
3. श्री रामचन्द्र शुक्ला सहायक अभियन्ता,
4. श्री अखण्ड प्रताप गहलोत, सहायक अभियन्ता,
5. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
6. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
7. श्री रामाराव, मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
8. श्री अनिल मिश्रा, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, परियोजना प्रबन्धक।
9. श्री वामसी कृष्णा, मैं0 वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक।
10. श्री सी0पी0 शर्मा मैं0 वी0टी0एल0-गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

समीक्षा बैठक में स्थिति निम्नवत् पाई गयीः-

1. **निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगतिः-** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कानपुर देहात में कार्यदायी संस्था क्रमशः मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, मैं0 वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0-गाजा लि0 है। मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0. के द्वारा वर्तमान तक 122 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 83 नग, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0 के द्वारा वर्तमान तक 186 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 97 नग, मैं0 वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 लि0, के द्वारा वर्तमान तक 167 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 30 नग, मैं0 वी0टी0एल0-गाजा लि0. के द्वारा वर्तमान तक 29 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 02 नग पेयजल योजनाए इस प्रकार जनपद में कुल 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 212 नग योजनाए वर्तमान तक पूर्ण की जा चुकी है। उक्त प्रगति को देख कर अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मैं0 वी0एस0ए0-एस0सी0एल0 लि0 एवं मैं0 वी0टी0एल0-गाजा लि0 पर रोष व्यक्त किया गया है।

   अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये गये है कि 212 नग पूर्ण पेयजल योजनाओं की टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 टीम एवं जल निगम के द्वारा स्थलीय सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि प्रगति में प्रर्दशित सभी योजनाए पूर्ण है।
2. **नलकूप एवं पम्प हाउसः-** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कार्यदायी संस्था को आवंटित 504 नग पेयजल योजनाओं में 540 नग नलकूप एवं पम्प हाउस प्रस्तावित है जिसके सापेक्ष 498 नग पम्प हाउस के कार्य पूर्ण किये जा चुके है जबकि 528 नग नलकूपों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।



Scanned with OKEN Scanner

अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये गये है कि पूर्ण नलकूप एवं पम्प हाउस की टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 टीम एवं उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के द्वारा स्थलीय सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि प्रगति में प्रदर्शित सभी पम्प हाउस व नलकूप पूर्ण है।

3. **शिरोपरि जलाशयः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0 के द्वारा 122 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 121 नग अवर जलाशय पूर्ण, मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0. के द्वारा 180 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 155 नग अवर जलाशय पूर्ण, मैं0 वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 लि0 के द्वारा 167 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 98 नग अवर जलाशय पूर्ण, एवं मैं0 वी0टी0एल0–गाजा लि0 के द्वारा 29 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 05 नग अवर जलाशय पूर्ण किये गये है। इस प्रकार जनपद कानपुर देहात में 499 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 379 नग अवर जलाशय पूर्ण एवं 109 नग अवर जलाशय पर कार्य प्रगति पर एवं 11 नग अवर जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नही है।

   अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निर्देश दिये गये है कि 379 पूर्ण अवर जलाशयों का टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 टीम एवं जल निगम के द्वारा स्थलीय सत्यापन कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि प्रगति में प्रर्दशित सभी शिरोपरि जलाशय पूर्ण है।

4. **नियमित जलापूर्ति पेयजल योजनाः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 504 नग पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 316 नग पेयजल योजनाओं में शिरोपरि जलाशय से ग्रामों में जलापूर्ति हो रही है एवं 59 नग पेयजल योजनाओं में नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। इस प्रकार जनपद कानपुर देहात में 375 नग पेयजल योजनाओं से ग्रामवासियों को जलापूर्ति की जा रही है। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिये कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि तैनात पम्प आपरेटर के द्वारा जलापूर्ति नियमित रूप से की जाये। साथ ही अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये है कि नियमित पेयजल आपूर्ति का एक व्हाटसप ग्रुप बनाया जाये जिसमें उक्त ग्राम के ग्राम प्रधान सचिव, कार्यदायी संस्था के साइट इंजीनियर, जल निगम के अवर अभियन्ता, टी0पी0आई0 व डी0पी0एम0यू0 टीम को ग्रुप में जोड़ा जाये ताकि शीतकालीन ऋतु में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर तत्काल उसका समाधान किया जा सके।

5. **आटोमेंशन–इन्ट्रीग्रेशन एवं लाइव कनेक्टेड योजनाएः–** अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात के द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त कार्यदायी संस्थाओं को आंवटित 504 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 204 नग पेयजल योजनाओं पर आटोमेंशन–इन्ट्रीग्रेशन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। शेष पर कार्यवाही प्रगति पर है साथ ही 187 नग पेयजल योजनाए जे0जे0एम0 पोर्टल पर लाइव कनेक्टेड प्रदर्शित हो रही है।

   तत्क्रम में जे0जे0एम0 पोर्टल पर प्रदर्शित योजनाओं की समीक्षा की गयी तो उक्त दोनों आंकड़े सही पाये गये है तथा निर्देशित किया गया कि पूर्ण की गयी 212 नग पेयजल योजनाओं पर आटोमेंशन–इन्ट्रीग्रेशन का कार्य पूर्ण कर उन योजनाओं को भी जे0जे0एम0 पोर्टल पर लाइव कनेक्टेड योजनाओं का लक्ष्य भी प्राप्त कर लिया जाये।

   साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि पूर्ण पेयजल योजना 212 नग के समस्त ग्रामों में सरकारी संस्थानों जैसे–स्कूल, आंगनवाड़ी, पंचायत भवन, पुलिस चौकी, अस्पताल, जन आयोग्य केन्द्र, ब्लाक परिसर, तहसील परिसर, सरकारी राशन की दुकान, मन्दिर व पार्क में पेयजल हेतु कनेक्शन करना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

**परियोजनाओं की गहन समीक्षा के उपरान्त उपरोक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देश दिये गये जिसका विवरण निम्नवत् हैः—**

1. जिन पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति की जा रही है, उन योजनाओं में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने हेतु क्लोरीनेशन उचित मात्रा में किया जाये।
2. जिन पेयजल योजनाओं पर विद्युत आपूर्ति बाधित है, उसके सम्बन्ध में विद्युत विभाग से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही की जाये।
3. शीतकालीन ऋतु को दृष्टिगत् रखते हुये यह सुनिश्चित किया जाये कि सौर ऊर्जा के अभाव में योजना बन्द न रहे। योजना में स्थापित डी0जी0 सेट में डीजल की मात्रा पर्याप्त रहे जिससे ग्रामवासियों को सुचारू रूप से जलापूर्ति की जा सके।

(लक्ष्मी एन0)
मुख्य विकास अधिकारी
कानपुर देहात।

पत्रांक दिनांक

**प्रतिलिपि—निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर देहात को सादर सूचनार्थ।
2. अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर देहात को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि समीक्षा बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।
3. टी0पी0आई0 टीम, कानपुर देहात।
4. डी0पी0एम0यू0 टीम कानपुर देहात।
5. मैं0 इण्डियन हूयम पाइप लि0, सहायक महाप्रबन्धक।
6. मैं0 जी0वी0पी0आर0 लि0, परियोजना प्रबन्धक।
7. मैं0 वी0एस0ए0—एस0सी0एल0 लि0 परियोजना प्रबन्धक।
8. मैं0 वी0टी0एल0—गाजा लि0 परियोजना प्रबन्धक।

मुख्य विकास अधिकारी
कानपुर देहात।



Scanned with OKEN Scanner